an>

Title: Regarding setting up of a hospital for treatment of Silicosis in Dausa district Rajasthan and an Industrial Park for conservation and promotion of stone carving in the district

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): आज हमारे गौरवशाली राष्ट्र की संसद भवन, लालकिला, भगवान राम का बनने वाला भव्य भवन राम मंदिर मेरे संसदीय क्षेत्र के कारीगरों, श्रमिकों की कलाकारी व हस्तशिल्प की अद्‌भुत देन है । करोली, धौलपुर का यह पत्थर मेरे क्षेत्र सिकन्दरा व माजपुर व आस पास के गांवों का हस्तकौशल आज विदेशों में भी अपना नाम कर रहा है । जयपुर से आगरा नेशनल हाईवे के दोनों तरफ मीलों का क्षेत्र इसके प्रदर्शन का केन्द्र है ।

दूसरी तरफ उन हजारों श्रमिकों के स्वास्थ्य की स्थिति चिन्ताजनक है । पत्थर के काम से धूल उनके फेफड़ों में भर जाती है, इसके कारण कम उम्र में सैंकड़ों कारीगर काल के ग्रास बन जाते हैं । सिलीकोसिस नामक इस घातक बीमारी के उपचार हेतु सिकन्दरा, जिला दौसा में इस बीमारी के उपचार हेतु अलग से चिकित्सालय स्थापित किया जाए । साथ ही, इस अद्‌भुत कलाकारी के संरक्षण हेतु दौसा जिले में उद्योग पार्क अलग से स्थापित करने की आवश्यकता है । आज राजस्थान सरकार इस क्षेत्र की अनदेखी कर रही है । मेरा आग्रह है कि श्रमिकों/कारीगरों के कल्याण व संरक्षण की शीघ्र व्यवस्था की जाये ।